हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

11 इंश्योरेंस के जाल में फंसाया फौजी, 4 मास्टरमाइंड गिरफ्तार



12 ऑनलाइन रोस्टर प्रणाली के विरोध में कर्मियो का प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**सिरसा।** जिले क्षेत्र में सडक़ हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मृतक युवक की पहचान जिले के गांव भीमां निवासी बलविंद्र सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। बुधवार दोपहर दो बजे के दौरान मिली जानकारी के अनुसार गांव भीमां निवासी बलविंद्र सिंह अपने साथी मिठू सिंह व बलजीत सिंह के साथ गांव पंजुआना से गांव लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ।

### पुलिस ने डोडा पोस्त सहित एक आरोपी किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल और सदर फतेहाबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को 2 किलोग्राम कचरा डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिजरावां कलां निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है।

### बकरा व बकरी चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पशु चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया बकरा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप निवासी जाखल के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गांव बाड़ा निवासी सुखविंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 11 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक उप प्रधान वीना भ्याना की अध्यक्षता में 11 जुलाई शनिवार सायं 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी।

### पुल के पास नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**फतेहाबाद।** गांव लोहा खेड़ा पुल के पास नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की नजर जब नहर में तैरते हुए शव पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत डायल 112 पर फोन कर पुलिस प्रशासन को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को देखते हुए समाज सेवी नवजोत सिंह ढिल्लों व उनकी रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला। इसके बाद शव को एंबुलेंस के माध्यम से पुलिस को सौंपते हुए पोस्टमार्टम व पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है।

## चेयरपर्सन प्रीति खन्ना की कुर्सी फिलहाल सुरक्षित

# रतिया नपा की सियासत में फिर आया मोड़, दूसरी बार टला अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- एडीसी की छुट्टी के चलते नहीं हो सकी बैठक, विरोधी और समर्थक पार्षद भी हिमाचल भ्रमण पर

रतिया नगर पालिका की सियासत में गुरुवार को एक बार फिर बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। चेयरपर्सन प्रीति खन्ना के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव तय तारीख पर भी अंजाम तक नहीं पहुंच सका। प्रशासनिक कारणों से बैठक रद्द होने के बाद फिलहाल प्रीति खन्ना की कुर्सी एक बार फिर बच गई है। दिलचस्प बात यह रही कि जिस दिन अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला होना था, उसी दिन विरोधी खेमे के अधिकांश पार्षदों के साथ-साथ चेयरपर्सन समर्थक पार्षद भी हिमाचल भ्रमण पर थे। ऐसे में कोई भी पार्षद बैठक में शामिल होने नहीं पहुंचा। इस घटनाक्रम के बाद रतिया की राजनीतिक फिजा में नए समीकरणों और रणनीतियों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, बैठक की अध्यक्षता करने वाले एडीसी अनुराग ढालिया के अवकाश पर होने के कारण निर्धारित बैठक आयोजित नहीं हो सकी। प्रशासन की ओर से बैठक रद्द कर दी गई। इससे अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई और चेयरपर्सन की कुर्सी फिलहाल सुरक्षित रह गई। अब प्रशासन की ओर से नई तारीख तय किए जाने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। यह पहला अवसर नहीं है जब प्रीति खन्ना के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सिरे नहीं चढ़ पाया हो। इससे पहले 22 मई 2025 को भी राजनीतिक परिस्थितियों के चलते उनकी कुर्सी बच गई थी। लगातार दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव टलने से नगर पालिका की राजनीति और अधिक रोचक हो गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अब दोनों पक्ष आगामी बैठक से पहले अपने-अपने समर्थन को मजबूत करने में जुट जाएंगे।



फतेहाबाद। खाली पड़ा मीटिंग हाल व वोटिंग के लिए तैयार किया गया बैलेट बॉक्स।



### 14 पार्षदों ने दिया था नोटिस

रतिया नगर पालिका के 17 निर्वाचित पार्षदों में से 14 पार्षदों ने 12 जून को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपकर चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने की मांग की थी। इसके बाद उपायुक्त ने एडीसी अनुराग ढालिया को नियमानुसार बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे और 9 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई थी। हालांकि प्रशासनिक कारणों से बैठक नहीं हो सकी।

### इन पार्षदों ने जताया था अविश्वास

अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वालों में उपप्रधान जोगिंद्र नंदा, वार्ड-1 से सुमन, वार्ड-3 से अजमेर सिंह, वार्ड-5 से हरजन कौर, वार्ड-6 से हैप्पी सिंह, वार्ड-8 के पार्षद, वार्ड-9 से धीरज कुमार, वार्ड-10 से अजय गुप्ता, वार्ड-12 से सतपाल सिंह लाडवाल, वार्ड-13 से नीरू बाला, वार्ड-14 से गुरप्रीत गोपी, वार्ड-15 से सुरविंद्र सिंह तथा वार्ड-16 से गौरव शर्मा शामिल हैं। बैठक रद्द होने के बाद अब रतिया नगर पालिका की राजनीति फिर से अनिश्चितता के दौर में पहुंच गई है। प्रशासन द्वारा नई तारीख घोषित किए जाने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कब होगा और चेयरपर्सन प्रीति खन्ना अपनी कुर्सी बचाने में तीसरी बार सफल होती हैं या विरोधी खेमे की रणनीति कामयाब होती है। फिलहाल इतना तय है कि रतिया की नगर पालिका की सियासत अभी और गर्म रहने वाली है।



सिरसा। टाइल्स के सेंपल लेते हुए बिजलेंस टीम। फोटो: हरिभूमि

# दो करोड़ से बनाई सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

- विजिलेंस टीम ने इंटरलॉकिंग सड़क के भरे सेंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭कालांवाली

कालांवाली नगर पालिका द्वारा मॉडल टाउन आर-2 क्षेत्र में करीब दो करोड़ की राशि से बनाई गई सडक़ों के निर्माण कार्य में कथित गड़बड़ी को लेकर की गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस विभाग ने इंटर लॉक टाइलों के सैंपल भरे। मॉडल टाउन निवासी योगेश जैन ने नगर पालिका द्वारा आर 2 मे बनाई गई सडक़ों को लेकर विजिलेस विभाग पंचकुला को शिकायत की थी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विजिलेंस विभाग पंचकुला से आए कार्यकारी अभियंता जय सिंह की अगुवाई वाली टीम ने मौके पर पहुंच कर सडक़ों की सैंपलिंग की। इस दौरान टीम ने इंटरलॉकिंग टाइल्स के तीन अलग-अलग सैंपल लेकर उन्हें सील कर दिया, जिन्हें जांच के लिए लैब मे भेजा जाएगा। शिकायतकर्ता योगेश जैन ने बताया कि उन्होंने करीब दो महीने पहले स्टेट विजिलेंस को आर-2 क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा बनाई गई सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। मॉडल टाउन में बनाई गई इन सड़कों पर कहीं भी तारकोल का काम नहीं करवाया गया। अगर नगर पालिका को सिर्फ इंटरलॉकिंग टाइल्स की ही सडक़ों ब नवानी थीं, तो टेंडर में तारकोल का जिक क्यों किया गया, यदि टेंडर सिर्फ टाइल्स का होता, तो कई ओर भी ठेकेदार इन टेंडरों मे शामिल होते, जिससे टेंडर और अधिक माइल्स (कम दरों) में जा सकता था और सरकारी राजस्व की बचत होती।

### जांच की जा रही

शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस पूरे मामले में नगर पालिका के अधिकारियों और ठेकेदार की आपसी मिलीभगत साफ नजर आ रही है, जिसके चलते टेंडर की शर्तो को बदला गया। इसी धांधली की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर विजिलेंस में गुहार लगाई गई थी। विजिलेंस टीम द्वारा सैंपल्स को सील किए जाने के बाद अब नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों में हडक़ंप मचा हुआ है।यदि इस मामले की गहनता से जांच होती हैं ओर लैब रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में शामिल दोषियों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है। विजिलेंस टीम अब टेंडर से जुडे दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच कर रही है।

# राशन डिपुओं में जांची गेहूं की गुणवत्ता

- शिकायतों के बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ता एक्शन में आया नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन डिपो पर वितरित किए जा रहे गेहूं की गुणवत्ता को लेकर मिली शिकायतों के बाद सिरसा में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता एक्शन में नजर आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने वीरवार को शहर के विभिन्न राशन डिपुओं पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम ने वार्ड नंबर 21 के रानियां गेट स्थित मारुति मंदिर के निकट राशन डिपो पर लगभग डेढ़ घंटे तक गहन जांच की। जांच दल का नेतृत्व मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी विक्रमजीत सिंह भादू ने किया। इस दौरान टीम में सीएम फ्लाइंग टीम के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, उप निरीक्षक राजेश कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राहुल कुमार, निरीक्षक आनंद शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जांच के दौरान टीम ने राशन डिपो पर उपलब्ध गेहूं के स्टॉक का निरीक्षण किया तथा आवश्यक नमूने और रिकॉर्ड की जांच की। जांच में ही यह भी देखा गया कि गेहूं की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं।



सिरसा। राशन डिपो पर गेहूं की गुणवत्ता की जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम।

# मानसून से पहले नगर पालिका अलर्ट

- जलभराव से निपटने को पंप, जनरेटर व पाइप खरीदे
- 2022 और 2025 जैसी स्थिति दोहराने से बचने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

पिछले वर्षों में भारी बारिश के दौरान शहर में हुए जलभराव से सबक लेते हुए नगर पालिका ने इस बार मानसून से पहले ही व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। वर्ष 2022 और 2025 में शहर के कई इलाकों में सड़कों और रिहायशी क्षेत्रों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी। इसी अनुभव को देखते हुए इस बार प्रशासन पहले से सतर्क है। जल निकासी बाधित होने की स्थिति में तत्काल राहत उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका ने जनरेटर पंप सेट, मोटर पंप सेट, पाइप तथा अन्य जरूरी उपकरण खरीद लिए हैं। शहर में बरसाती पानी की स्थायी निकासी सुनिश्चित करने के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन और नए नालों का निर्माण भी कराया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि बारिश के दौरान पानी तेजी से निकले और किसी भी क्षेत्र में लंबे समय तक जलभराव की स्थिति न बने। जरूरत पड़ने पर खरीदे गए पंप सेटों की मदद से प्रभावित इलाकों से तुरंत पानी निकाला जाएगा। मानसून की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती पहले ही भूना का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं।



भूना। नगर पालिका कार्यालय में मानसून की तैयारियों के तहत खरीदे गए जनरेटर पंप सेट एवं अन्य उपकरण। फोटो: हरिभूमि

### दी चेतावनी

उपायुक्त ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार लापरवाही के कारण जलभराव की स्थिति बनी तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीसी के सख्त निर्देशों के बाद नगर पालिका और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने संयुक्त रूप से तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों का कहना है कि बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# एआई बेसिक्स फॉर स्कूल लीडर्स कोर्स में सिरसा ने पाया प्रदेश में दूसरा स्थान

**सिरसा।** डाइट डिंग प्रभारी सुरेंद्र सिंह नूनिया की देखरेख में जिले के सभी स्कूल मुखियाओं के लिए एआई बेसिक्स फॉर स्कूल लीडर्स ऑनलाइन कोर्स संचालित किया गया। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्टू ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स में जिले ने पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि खंड बड़ागुढ़ा ने शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। डाइट की ईटी विंग के प्रभारी डॉ. मनोज पुरी एवं कोर्स समन्वयक तथा डाइट के भौतिकी विषय विशेषज्ञ संदीप ने कहा कि शिक्षकों एवं स्कूल लीडर्स के लिए नई तकनीकों, डिजिटल नवाचारों तथा एआई आधारित शिक्षण पद्धतियों से स्वयं को निरंतर अपडेट रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खंड नाथूसरी चौपटा में बीईओ सतबीर सिंह के निर्देशन में बीआरपी रचना एवं एबीआरसी बसंती, खंड बड़ागुढ़ा में बीईओ कुलदीप कौर के निर्देशन में बीआरपी संजय कुमार एवं एबीआरसी रेणु शर्मा, खंड सिरसा में बीईओ रमेश चंद्र के निर्देशन में बीआरपी अनीता छाबड़ा एवं बीआरपी कामिनी नागपाल, खंड रानियां में बीईओ राज कुमार अरोड़ा के निर्देशन में एबीआरसी मदन लाल एवं एबीआरसी राकेश कुमार, खंड डबवाली में बीईओ राजेंद्र कुमार जाखड़ के निर्देशन में बीआरपी मनु सचदेवा एवं एबीआरसी पवन कुमार दुरेजा आदि ने सहयोग दिया।

# खाद आपूर्ति में गड़बड़ी, केस दर्ज

- एग्रीकल्चर ग्रेड 45 किलो तथा बिना मार्के के 50 किलो में यूरिया खाद का मिला जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

यूरिया खाद के गड़बड़ी मामले में जिला के गांव पन्नीवाला रूलदू सर्ति ई-20 ग्रीन फ्ल्यूस कंपनी संचालक व यूरिया सप्लायर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। किसानों के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जाने वाली एग्रीकल्चर ग्रेड (नीम-कोटेड) यूरिया सीधे 45 किलो पैकिंग के गट्टे दूसरा इसी खाद को फर्जी तरीके से टेक्निकल ग्रेड मार्के वाले गट्टों में भरकर गांव पन्नीवाला रूलदु स्थित ई-20 ग्रीन फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में प्रयोग की जा रही थी। किसानों ने मामले की लिखित शिकायत उप कृषि निदेशक सिरसा को भेजी।



सिरसा। मौके से पकड़ी गई खाद दिखाते किसान। फोटो: हरिभूमि

# भट्टूकलां में स्थापित होगा 4 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां को अब शहरों की तर्ज पर आधुनिक सीवरेज सुविधा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 4 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इस परियोजना पर करीब 33.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही भट्टूकलां में पहली बार व्यवस्थित सीवरेज लाइन बिछाने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया। अभी तक अधिकांश घरों में गंदे पानी के निस्तारण के लिए कुइयों और सेप्टिक टैंकों पर ही निर्भर रहना पड़ता है, जिससे लोगों को समय-समय पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार इस परियोजना में आधुनिक तकनीक से लैस एसटीपी का डिजाइन, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के अलावा सभी सिविल, मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य किए जाएंगे। यह प्लांट सीक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) तकनीक पर आधारित होगा, जिसे गंदे पानी के प्रभावी शोधन के लिए आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल प्रणाली माना जाता है। परियोजना के तहत मोटर पंपिंग स्टेशन, डीआई राइजिंग मेन लाइन, पीएलसी एवं स्काडा आधारित स्वचालित संचालन प्रणाली भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा परिसर में लैंडस्केपिंग सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी होंगे, जिससे पूरा सिस्टम आधुनिक मानकों के अनुरूप संचालित किया जा सके।

# योगिनी एकादशी पर श्याम मंदिर में सजेगी भक्ति की महफिल

**फतेहाबाद।** मेन बाजार स्थित जवाहर चौक के पास बने श्री श्याम मंदिर में इस बार योगिनी एकादशी का पर्व विशेष श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी की ओर से 10 जुलाई, शुक्रवार को श्याम मंदिर प्रांगण में भव्य अरदास संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शाम 6 बजे से शुरू होकर रात 9:15 बजे तक चलेगा। मंदिर के पूजारी सोनू शर्मा के अनुसार इस पावन अवसर पर श्याम बाबा की अरदास के साथ संकीर्तन की शुरुआत होगी, जिसमें भजन संध्या का मुख्य आकर्षण जाने-माने भजन गायक अनिल रजनीश शर्मा रहेंगे। वे अपनी सुमधुर आवाज़ में श्याम बाबा की महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। योगिनी एकादशी को धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, और इसी कड़ी में मंदिर कमेटी हर वर्ष विशेष आयोजन करती आई है।



आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई और सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि संकीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं, ताकि किसी भी भक्त को असुविधा का सामना न करना पड़े। श्री श्याम मंदिर कमेटी, फतेहाबाद ने शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के समस्त श्याम भक्तों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में पहुंचकर अपनी हाजिरी दर्ज कराएं और भजन संध्या का आनंद उठाते हुए बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

**बैठक** जन परिवाद समिति की बैठक 13 जुलाई को, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सुनेंगे 14 शिकायतें

## हर परिवाद के साथ जुड़ी है लोगों की उम्मीद और न्याय की आस

# जनता की अदालत में लगेगी अफसरों की क्लास, मंत्री बेदी खोलेंगे फाइलों का पिटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले भर से जमा हुई शिकायतों का अंबार, एक हॉल और एक दिन 13 जुलाई सोमवार को डीपीआरसी हॉल में जब कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक शुरू होगी, तो मेज पर सिर्फ कागज के 14 केस नहीं, बल्कि उतने ही परिवारों और गांवों का सब्र होगा। उपायुक्त कार्यालय के आदेश के मुताबिक बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इनमें 5 मामले पहले की बैठकों से लटके हुए हैं और 9 बिल्कुल नए। हर शिकायत के पीछे एक अलग कहानी और एक अलग सवाल है।



फतेहबाद। जनपरिवाद समिति की बैठक में शिकायतें सुनते मंत्री कृष्ण बेदी। (फाइल फोटो)

### दो मामले भूमि से जूड़े

इस बैठक में कृषि और राजस्व से जुड़े दो नए मामले भी शामिल किए गए हैं, जो सीधे किसानों और भूमि संबंधी मसलों से जुड़े बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर, 13 जुलाई की यह बैठक सिर्फ शिकायतों की सुनवाई नहीं, बल्कि यह परखने का मौका भी होगी कि प्रशासनिक तंत्र आम आदमी की समस्याओं को कितनी गंभीरता से लेता है। अब सबकी निगाहें डीपीआरसी हॉल पर टिकी हैं।

### बैठक में इन प्रमुख मुद्दों पर रहेगी नजर

पुराना लंबित केस फिर अधिकारियों से जवाब मांगेगा, लेकिन नया मामला सीधे विभाग की कार्यप्रणाली और नहरी पानी की सप्लाई पर उंगली उठाता है। खेती पर निर्भर इलाके में पानी की यह लड़ाई सिर्फ फाइलों की नहीं, बल्कि आने वाली फसल की भी है। नगरपरिषद से जुड़ा एक पुराना मामला अपनी मौजूदा स्थिति जानने के लिए दोबारा मेज पर आएगा। नया मामला इस बार सीधे शहरी क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों और उनमें बरती जा रही कथित अनियमितताओं पर टिका है - यानी सवाल विकास का नहीं, उसकी पारदर्शिता का है। इसी तरह जनस्वास्थ्य विभाग के जुड़े पानी के कनेक्शन का मामला भी छाया रहेगा। गांव अयालकी से आया मामला सीधा और तीखा है। बरसों से पानी का कनेक्शन नहीं मिला, विभाग का रवैया लगातार टालमटोल भरा रहा। यह मामला पहली बार मंत्री के सामने आएगा और यही तय करेगा कि गांव को इंतजार और लंबा करना पड़ेगा या राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### नवोदय स्कूल में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**फतेहाबाद।** नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी में कक्षा 6 में 80 सीटों में प्रवेश हेतु 28 नवंबर, को आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा 2027 के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी के प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का जन्म एक मई, 2015 से 31 जुलाई, 2017 के बीच हुआ है तथा सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में जिला फतेहाबाद में स्थित किसी सरकारी/मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत है और फतेहाबाद जिले के ही स्थाई निवासी है, वे आवेदन करने के पात्र होंगे।

### होटल को रेटिंग देने के नाम पर 2.04 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** स्मार्टफोन पर घर बैठे पार्ट टाइम नौकरी और रोजाना हजारों रुपये कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने एक पढ़े-लिखे युवा को अपना शिकार बनाया है। ताजा मामला जिले के उपमंडल टोहाना के गांव खनौरा का है, जहां हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे एक छात्र से 2 लाख 4 हजार रुपये की साइबर ठगी की गई है। ठगों ने होटल को 5-स्टार रेटिंग देने का टास्क देकर इस वारदात को अंजाम दिया।

### पुलिस ने मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गांव कुलेरी, जिला हिसार निवासी रविंद्र सिंह उर्फ गोधू पुत्र जगत सिंह के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में पुलिस इससे पहले दो आरोपियों को भी काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर एनएच-9 सर्विस रोड पर गांव धांगड़ के पास नाकाबंदी कर ढाणी खैराती खेड़ा निवासी नरेंद्र उर्फ घोलू को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 32.20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में 7 जून को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 12 को

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से 12 जुलाई को आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के आपरेशन का 283वां निःशुल्क मासिक चिकित्सा कैंप नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल हास्पिटल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि कैंप का शुभारंभ हनुमान की ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। कैंप में आंखों की बीमारियों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा पूनिया, डॉ. नीरू गिजवानी, डॉ. प्रवीण अरोड़ा व डॉ. महिप बंसल तथा उनकी टीम द्वारा की जाएगी तथा सफेद मोतियाबिंद के लिए गरीबी रेखा से नीचे वाले चयनित परिवारों के मरीजों के आपरेशन निःशुल्क होंगे।

### ओडिशा से राजस्थान तक फैला था मकड़जाल

# फर्जी इंश्योरेंस के जाल में फंसाया फौजी, 4 मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**4.46 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह के अब तक 7 काबू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों के एक ऐसे खतरनाक और शातिर नेटवर्क को नेस्तनाबूद कर दिया है, जो डिजिटल दुनिया में बैठकर मासूम लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहा था। फर्जी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का झांसा देकर देश के एक जांबाज फौजी को अपनी ठगी का शिकार बनाने वाले इस गिरोह के 4 और मास्टरमाइंड को फतेहाबाद पुलिस ने दबोच लिया है। इसके साथ ही इस डिजिटल डकैती में जेल जाने वाले आरोपियों की कुल संख्या अब 7 हो चुकी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि यह पूरा मामला देश की सुरक्षा में तैनात एक जांबाज सैनिक की शिकायत से शुरू हुआ। गांव हिजरावां कलां के रहने वाले और भारतीय सेना में लांस नायक के पद पर तैनात बलजिंद्र सिंह को इन शातिर ठगों ने अपने जाल में फंसाया। खुद को एक नामी इंश्योरेंस कंपनी का बड़ा अधिकारी बताकर, इन जालसाजों ने जवान को स्पेशल कस्टमर आईडी और भारी-भरकम मुनाफे का ऐसा मायाजाल दिखाया कि देश की सरहद की रक्षा करने वाला जवान इनके झांसे में आ गया। ठगों ने अलग-अलग किश्तों में जवान से 4 लाख 46 हजार ,882 ऐंठ लिए। पैसा खाते में आते ही आरोपियों ने गिरगिट की तरह रंग बदला और गायब हो गए। पीड़ित जवान को जब ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई।



फतेहाबाद। साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार युवकों बारे जानकारी देते एएसपी।

**तीसरी आंख ने खोला पाताल का रास्ता**

जिला पुलिस के पास जैसे ही मामला साइबर थाना पुलिस के पास आया, एएसपी दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में पुलिस ने एक डिजिटल हंट शुरू किया। पुलिस की तकनीकी विंग ने बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजैक्शन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और मोबाइल नंबरों का ऐसा पोस्टमार्टम किया कि ठगों के पैर उखड़ गए। वैज्ञानिक साक्ष्यों के दम पर पहले 3 आरोपी दबोचे गए थे। इसके बाद 8 जुलाई को पुलिस ने जाल बिछाकर दो मुख्य किरदारों रवि कुमार निवासी आर्य नगर, हांसी और रवि कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी फतेहाबाद को दबोचकर कोर्ट से एक दिन का रिमांड हासिल किया। पुलिसिया रिमांड के दौरान डिजिटल इंवेस्टिगेशन के सामने ठगों ने घुटने टेक दिए और उनके बयानों पर गिरोह के दो और शातिर मोहरे रिपन निवासी बरसीन और नितेश कुमार निवासी भोडिया खेड़ा, जिला फतेहाबाद भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिए गए।

**अभी तो सिर्फ पूंछ हाथ आई है, पूरा मगरमच्छ बाकी**

प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने कड़े लहजे में कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। पुलिस इस गिरोह के पूरे नेटवर्क, उनकी बेनामी संपत्तियों, बैंक खातों और उनके पीछे छिपे बड़े मगरमच्छों को बेनकाब करने में जुटी है। बहुत जल्द इस रैकेट के बाकी सदस्यों को भी पाताल से ढूंढ निकाला जाएगा और ठगी गई पाई-पाई बरामद की जाएगी। एएसपी ने आम जनता से अपील की है कि डिजिटल दुनिया के शिकारियों से सावधान रहें। कोई भी व्यक्ति यदि फोन या सोशल मीडिया पर बीमा, निवेश, लॉटरी, केवाईसी या कस्टमर आईडी के नाम पर पैसों की मांग करे, तो झांसे में न आएं। अगर जरा सा भी शक हो, तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

**बरामद हुआ ठगी का पूरा दफ्तर**

एएसपी ने बताया कि शुरुआती तफ्तीश में जो सच सामने आया है, उसने पुलिस के भी होश उड़ा दिए हैं। इस गिरोह का नेटवर्क सिर्फ हरियाणा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके तार ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे कई राज्यों से जुड़े हुए थे। पुलिस ने जब इनके ठिकानों पर रेड की, तो वहां साइबर ठगी का पूरा मिनी-कंट्रोल रूम बरामद हुआ। पुलिस ने इनके पास से कुछ 65 हजार रुपये बरामद किए हैं, जिनमें रवि हांसी से 10 हजार, दूसरे रवि से 15 हजार, रिपन से 20 हजार और नितेश से 20 हजार रुपये शामिल है। इसके अलावा चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप भी बरामद किया है। इसके अलावा इनके पास से एक प्रिंटर, 3 एक्टिवेटेड सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, वीआई कंपनी के नाम पर मोबाइल टावर लगाने के फर्जी कागजात और ओमप्रकाश मैनेजिंग डायरेक्टर नाम की 3 फर्जी सरकारी/कॉरपोरेट मोहरें भी मिली है।



फतेहाबाद। डीसी को ज्ञापन सौंपते विभिन्न किसान संगठनों के सदस्य।

# खराब फसल का मुआवजा न मिलने से किसान परेशान

## उपायुक्त से लगाई गुहार, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के गांव भीमेवाला में पिछले वर्ष हुए जलभराव से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे और जमालपुर रेलवे पुल निर्माण के कारण बंद पड़े रास्ते के विरोध में किसानों ने उपायुक्त फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त किसान मोर्चा, टोहाना के बैनर तले पहुंचे ग्रामीणों और किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन घासीराम से लाभ सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा से मुंशीराम और बीकेयू उग्राहां से गुरदयाल ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। किसान नेताओं ने बताया कि खरीफ 2025 में अत्यधिक बारिश और जलभराव के कारण गांव भीमेवाला के 24 किसान परिवारों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई थीं। पटवारी, कानूनगो और तहसीलदार द्वारा किए गए प्रारंभिक सर्वे में भी 100 प्रतिशत खराबा दर्ज किया गया था। इसके बावजूद, फाइनल स्लैब में इस खराबे को घटाकर 0 से 24 प्रतिशत दिखा दिया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने किसानों की फसलों का झूठा बीमा दिखाकर मुआवजे के दावों को रिजेक्ट कर दिया।

**जमालपुर रेलवे पुल पर आवाजाही ठप**

ज्ञापन में दूसरी मुख्य मांग जमालपुर रेलवे पुल के निर्माण से जुड़ी उठाई गई। किसानों ने कहा कि पुल निर्माण के चलते पिछले दो साल से रतिया-टोहाना मार्ग पर आवाजाई पूरी तरह प्रभावित है। प्रशासन को निर्माण कार्य शुरू करने से पहले वैकल्पिक रास्ते का इंतजाम करना चाहिए था, जो कि नहीं किया गया। उपायुक्त ने किसानों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर जल्द से जल्द उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया। वहीं, किसान नेताओं का कहना है कि यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो किसान मोर्चा के नेतृत्व में पीड़ित किसान संघर्ष शुरू करेंगे।

# सरकारी स्कूलों को बंद करना सामाजिक न्याय पर सीधा प्रहार: कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने देश में सरकारी स्कूलों की घटती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें नई शिक्षा नीति का प्रचार तो बड़े स्तर पर करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लगातार कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि गरीब, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के बेहतर भविष्य का सबसे बड़ा आधार हैं। सैलजा ने कहा कि यू-डाइस प्लस के ताजा आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025-26 के दौरान देशभर में 4,791 स्कूल बंद हुए, जिनमें 2,426 स्कूल अकेले मध्य प्रदेश में बंद हुए, जबकि हरियाणा में भी 20 सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए। यह चिंता का विषय है कि सरकारी शिक्षा के दायरे को लगातार सीमित किया जा रहा है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि स्कूलों को बंद करने के बजाय उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी लोकतांत्रिक और कल्याणकारी राज्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

**आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर देना चाहिए ध्यान**

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां धीरे-धीरे सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर निजीकरण को बढ़ावा देने वाली प्रतीत होती हैं। स्कूलों का विलय या बंद करने जैसी नीतियों से दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सरकार को स्कूल बंद करने के बजाय शिक्षकों की नियुक्ति, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। सांसद ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि शिक्षा कोई व्यापार नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का संवैधानिक अधिकार है। सरकारी विद्यालयों को मजबूत करना ही समान अवसर और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन ने सौंपा मांग पत्र

**फतेहाबाद।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन जिला फतेहाबाद के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक मांग-पत्र सौंपा। इस अवसर पर राज्य चेयरमैन सीताराम सुथार, प्रधान राजेश कुमार फौजी और पब्लिक हैल्थ प्रधान राजू शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारी नेताओं ने संयुक्त रूप से सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए पास किए गए एक्ट को तुरंत लागू करने और अन्य लंबित मांगों का जल्द समाधान करने की अपील की। राज्य प्रधान ईश्वर सिंह शर्मा व राज्य महासचिव संदल सिंह राणा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगें जल्दी पूरी नहीं कीं, तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं, जल्द निवारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की। शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और शिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं रखने तथा विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव हो, उनका मौके पर ही निपटारा किया जाए। साथ ही लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराने तथा उनसे फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. विवेक भारती।

# कॉलोनियों में जल्द मिलेगी स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति

- नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सिरसा की विभिन्न कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना है। इस योजना के पूरा होने के बाद वर्षों से कम दबाव, अनियमित जलापूर्ति और पेयजल की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यकारी अभियंता राजेश शर्मा ने बताया कि सुख सागर कॉलोनी, कीर्ति नगर, गोविंद नगर, चत्तरगढ़ पटी झोपड़ा रोड, जन कल्याण कॉलोनी एरिया सहित कई अन्य स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य जोरों पर है।

**निर्धारित समय में करें पूरा**

उन्होंने बताया कि विभाग का प्रयास है कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूरा कर शीघ्र ही नई लाइन से जलापूर्ति शुरू की जाए। विभाग की नागरिकों से भी सहयोग की अपील है कि पाइपलाइन निर्माण कार्य के दौरान अस्थायी असुविधा हो सकती है, लेकिन परियोजना पूरी होने के बाद इसका लाभ लंबे समय तक सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा।

# विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा एसआई सुंदर के नेतृत्व में भूना, गांव सांचला, रतिया तथा गांव दिगोह में ड्रग पीड़ितों तक पहुंचकर उन्हें उपचार उपलब्ध करवाया तथा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान भूना में एक तथा गांव सांचला में एक ड्रग पीड़ित को काउंसलिंग के उपरांत आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। वहीं रतिया में दो ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। इसके अतिरिक्त दो अन्य नशा पीड़ितों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार एवं चिकित्सकीय देखरेख के लिए सीएचसी रतिया में दाखिल करवाया गया। इसी दौरान भूना स्थित एक लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर सेंटर में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, स्वास्थ्य एवं भविष्य पर इसके प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को जागरूक करते नशामुक्ति टीम इंचार्ज एसआई सुंदर।

### गर्ल्स कॉलेज में करवाई एसआईआर एवं मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां



**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में चुनावी साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा स्कीम के संयुक्त तत्वाधान में निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं को मतदाता जागरूकता व मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी जानकारी देना था। इन गतिविधियों के दौरान चुनावी साक्षरता क्लब की प्रभारी डॉ. ज्योति द्वारा फतेहाबाद जिले में चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी छात्राओं को दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर का कार्य मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. शकुंतला सिहाग व रमन द्वारा भी मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों को महाविद्यालय में करवाने के उद्देश्यों की जानकारी छात्राओं के साथ सांझी की गई।

# सिटी वेलफेयर क्लब ने नागरिक अस्पताल के हर्बल पार्क में लगाए औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को नागरिक अस्पताल परिसर स्थित हर्बल पार्क में विभिन्न औषधीय एवं हर्बल पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएमओ डॉ. सुभाष, सीएमओ डॉ. बुधराम तथा समाजसेवी राहुल लोहिया ने गुड़मार का पौधा लगाकर किया। इसके बाद क्लब के सदस्यों एवं अस्पताल स्टाफ ने मिलकर सहजन, गुड़हल, गुलाब, छुईमुई, कड़ी पत्ता, गुड़मार सहित अनेक औषधीय पौधों का रोपण किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि हर्बल पार्क में इससे पूर्व भी निर्गुंडी, अमलतास, अर्जुन, सुदर्शन, नागदौन, मरुआ, स्नेक प्लांट, लेमनग्रास, सदाबहार सहित अनेक हर्बल पौधे लगाए जा चुके हैं।



इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. महेंद्र मेहता एवं अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने सभी अतिथियों, सदस्यों और अस्पताल प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान सुरेंद्र गाबा, नवीन ललित, धर्मपाल चावला, राधेश्याम झांझड़ा, सुभाष चंदौरा, स्टाफ नर्स रामरति, विनोद, गोपाल बंसल, सत्यजीत, हरजीत कंबोज, माली हनुमान, हवा सिंह तथा रोहताश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सरकारी अस्पतालों में लगाए जाएंगे नसबंदी एवं नलबंदी ऑपरेशन शिविर**

# 11 से मनाया जाएगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को नागरिक अस्पताल सिरसा में आमजन को परिवार नियोजन एवं जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया। सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में 11 जुलाई से 18 जुलाई तक जिले में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान सभी सरकारी अस्पतालों में नलबंदी एवं नसबंदी के विशेष ऑपरेशन शिविर लगाए जाएंगे तथा योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार कल्याण के विभिन्न साधन जैसे कॉपर-टी, कंडोम, माला-डी, अंतरा इंजेक्शन एवं छाया आदि निःशुल्क उपलब्ध हैं। परिवार नियोजन अपनाने वाले पात्र दंपत्तियों को सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। डॉ. पवन कुमार ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।



सिरसा। परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देते डा. पवन कुमार।

**नसबंदी पूरी तरह सुरक्षित एवं सरल प्रक्रिया**

उप सिविल सर्जन डॉ. भारत भूषण मित्तल ने कहा कि पुरुष नसबंदी करवाने से किसी भी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं आती। यह परिवार नियोजन का एक सुरक्षित, सरल एवं प्रभावी उपाय है। परिवार नियोजन संबंधी किसी भी जानकारी अथवा परामर्श के लिए इच्छुक व्यक्ति नागरिक अस्पताल सिरसा के कमरा नंबर-21 में संपर्क कर सकते हैं। किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरूकता अभियान एवं पखवाड़े आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से आमजन को परिवार नियोजन के उपायों और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर परिवार एवं समाज को स्वस्थ और समृद्ध बनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### गैराज से लैपटॉप चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** रानियां क्षेत्र में गैराज से लैपटॉप और नकदी चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभोली निवासी मुखा राम उर्फ मुखी पुत्र मोहनलाल को रानियां क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुआ लैपटॉप भी बरामद कर लिया गया है। एबीवीटी स्टाफ प्रभारी ने बताया कि सुल्तानपुरिया निवासी राजेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह रानियां में राजा मोटर गैराज में चोरी की वारदात हुई है।

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर रोहित को गिरफ्तार किया गया है। खैरपुर पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही आया। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय अदालत ने आरोपी रोहित को 19 जुलाई 2022 को पी.ओ. घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में सीआरपीसी की धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### चोरी की स्कूटी सहित आरोपी युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गांव बीघड़ निवासी अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि गांव हिजरावां कलां निवासी राज कुमार की शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद में 7 जुलाई को मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसने अपनी एक्टिवा कूटी अरोड़वंश धर्मशाला, फतेहाबाद की पार्किंग में खड़ी की थी, जहां से अज्ञात व्यक्ति उसे चोरी कर ले गया।

### कविता-पाठ व समीक्षा कार्यक्रम 12 को

**सिरसा।** पंजाबी लेखक सभा एवं प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में कविता-पाठ एवं समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह निर्णय पंजाबी लेखक सभा के प्रधान परमानंद शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में लिया गया। पंजाबी लेखक सभा के सचिव सुरजीत सिंह सिरड़ी एवं प्रगतिशील लेखक संघ के सचिव शेर चंद ने संयुक्त रूप से बताया कि 12 जुलाई 2026 को प्रातः शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सिरसा एवं आसपास के कविजन अपनी कविताओं का पाठ करेंगे।

### स्टेनोग्राफी हिंदी कोर्स के लिए 15 तक करें आवेदन

**सिरसा।** प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, युद्ध विधवाओं, भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बलों तथा सेवारत अर्धसैनिक बलों के आश्रितों के लिए रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर है। सैनिक परिवार भवन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तोशाम रोड, हिसार में सत्र 2026-27 के लिए स्टैनोग्राफी हिंदी का एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह कोर्स श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर का डिप्लोमा है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से सैनिक एवं अर्धसैनिक परिवारों के युवाओं को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है।

### निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट को लेकर नाराजगी

# मनरेगा मजदूरों ने लंबित मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा ने वीरवार को निर्माण एवं मनरेगा मजदूरों की समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों की बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी को उजागर करते हुए जल्द से जल्द राहत प्रदान करने की अपील की गई। संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के सचिव नत्थू राम भारुखेड़ा ने बताया कि जुलाई 2025 में निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट को अचानक बंद कर दिया गया था। इसके बाद करीब 11 महीने की लंबी अवधि के बाद 16 जून को साइट को दोबारा खोला तो गया, लेकिन वह अभी भी सुचारू रूप से काम नहीं कर रही है। इस तकनीकी खराबी के कारण वर्ष 2025 में आवेदन करने वाले पात्र मजदूर अभी तक लाभ से पूरी तरह वंचित हैं। इसके अलावा, मोर्चा ने मनरेगा कार्य की अनुपलब्धता पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। लंबे समय से मनरेगा का काम न मिलने के कारण ग्रामीण मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भी उनकी बकाया किस्तें न मिलने से मकान निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। मजदूरों की मांग है कि निर्माण बोर्ड की साइट को तुरंत ठीक किया जाए और वर्ष 2025 के आवेदकों को उनका बकाया लाभ तुरंत दिया जाए। पात्र निर्माण मजदूरों का पंजीकरण कार्य दोबारा, सुचारू रूप से बहाल किया जाए। मजदूरों के 90 दिन के कार्य सत्यापन (वेरिफिकेशन) का अधिकार सीधे मजदूर यूनियनों को सौंपा जाए। मनरेगा में सुधार हो, सभी गांवों में तुरंत मनरेगा कार्य शुरू कराया जाए। मजदूरों को साल में कम से कम 200 दिन का रोजगार और 800 रुपए दैनिक दिहाड़ी सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी हुई किस्तें तुरंत जारी की जाएं।

■ बोले, तकनीकी खराबी के कारण हो रही परेशानी


फतेहाबाद। सिविल सर्जन को मांग पत्र सौंपते स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## ऑनलाइन रोस्टर प्रणाली के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन, पूर्व विधायक से मिलकर समाधान की लगाई गुहार

रेफरल ट्रांसपोर्ट-112 के कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन रोस्टर प्रणाली के माध्यम से किए गए व्यापक ड्यूटी स्थल परिवर्तन के विरोध में आज स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिविल सर्जन डॉ. बुधराम को ज्ञापन सौंपा और इस अव्यावहारिक फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की। इसके पश्चात, कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक दुड़ाराम से भी मिला और उन्हें अपनी व्यावहारिक व पारिवारिक समस्याओं से अवगत करवाते हुए इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप कर समाधान करवाने की मांग की। इस पूरे विरोध प्रदर्शन और आंदोलन की अध्यक्षता स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष विपिन शर्मा ने की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने ऑनलाइन रोस्टर प्रणाली की खामियों और इससे कर्मचारियों पर पडऩे वाले मानसिक व व्यावहारिक कुप्रभावों को पुरजोर तरीके से उठाया। प्रदेशाध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत इन कर्मचारियों की नियुक्तियां मूलतः गैर-स्थानांतरणीय प्रकृति की होती हैं।



सिरसा। समाधान शिविर में शिकायते सुनते एडीसी। फोटो: हरिभूमि

### जनशिकायतों का तुरंत समाधान करें

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 12 शिकायतें आई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक बहुत ही बेहतरीन प्लेटफार्म है। ऐसे में यहां आने वाली हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एटीआर रिपोर्ट भेजी जाए ताकि वह शिकायत बार-बार ना आए।

### भूना राजकीय कॉलेज में एनआईईएलआईटी की परीक्षाएं 11 व 12 को, धारा-163 लागू

**फतेहाबाद।** जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान यानि एनआईईएलआईटी की ओ, ए, बी व सी लेवल की सैद्धांतिक परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 11 व 12 जुलाई को आयोजित होने वाली परीक्षाओं के दौरान प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार फतेहाबाद जिले में एनआईईएलआईटी की परीक्षा राजकीय महाविद्यालय, भूना में आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र के आसपास विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लागू किए गए हैं। आदेशों के तहत परीक्षा केंद्र से 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी तथा वाहनों की पार्किंग भी प्रतिबंधित रहेगी।

### ढुढियांवाली स्कूल बनेगा मुख्यमंत्री एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश

**सिरसा।** रानियां खंड के गांव ढुढियांवाली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी विद्यालय योजना में शामिल किए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। योजना के तहत विद्यालय में पहली बार विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरू होंगी। इसके साथ ही स्कूल को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे ढुढियांवाली सहित आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय की पढाई के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। योजना के तहत विद्यालय में एनएसक्यूएफ लैब, कंप्यूटर लैब, इंटीग्रेटेड साइंस लैब, स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक पुस्तकालय और अन्य अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे विद्यार्थियों को तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर भी बेहतर होगा। विद्यालय के प्राचार्य नाथूराम ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से साइंस संकाय शुरू करने की मांग की जा रही थी।

■ पहली बार शुरू होगी साइंस संकाय की पढ़ाई

### 17 को बिजली मंत्री के आवास का घेराव करेगा संघः जीवन सिंह

**सिरसा।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव जीवन सिंह ने सरकार पर कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतर है, जिससे प्रदेश के बिजली कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जॉब सिक्योरिटी की घोषणा किए हुए तकरीबन 2 साल का लंबा समय बीत चुका है, लेकिन आज तक धरातल पर कुछ नहीं हुआ। हद तो तब हो गई जब स्वयं मुख्यमंत्री ने बीते 26 अप्रेल को गुरुग्राम में वादा किया था कि सभी अनुबंधित कर्मचारियों को 15 जून तक ऑफर लेटर दे दिए जाएंगे, लेकिन आज जुलाई का महीना चल रहा है, लेकिन अभी तक एक भी कर्मचारी को ऑफर लेटर नसीब नहीं हुआ है। सरकार का यह रवैया कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने बताया कि सरकार की इसी वादाखिलाफी और अनेकों पेंडिंग मांगों के विरोध में आगामी 17 जुलाई को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ बिजली मंत्री के आवास का घेराव करेगा। उन्होंने कहा कि यदि मजबूर किया गया तो संघ जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री के सामने अपना विरोध दर्ज कराने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## जन स्वास्थ्य विभाग ने काटे अवैध पानी के कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जल संरक्षण अभियान के तहत शहर में अवैध पेयजल कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। कार्यकारी अभियंता बलविंदर नैन के निर्देश पर विभागीय टीम ने उन अवैध कनेक्शनों को काट दिया, जिनका उपयोग खाली प्लॉटों में पानी भरने, भवन निर्माण कार्य, हरे चारे की सिंचाई और लंबे समय से खाली पड़े परिसरों में किया जा रहा था। विभाग ने स्पष्ट किया कि पेयजल का उपयोग केवल घरेलू जरूरतों के लिए किया जा सकता है। विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि पेयजल का व्यावसायिक अथवा अन्य अनधिकृत कार्यों में उपयोग विभागीय नियमों का उल्लंघन है। ऐसे अवैध कनेक्शनों से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ शहर के अन्य उपभोक्ताओं की पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमें नियमित रूप से निरीक्षण कर रही हैं। जहां भी अवैध जल कनेक्शन या पेयजल के दुरुपयोग की शिकायत मिलेगी, वहां तत्काल कनेक्शन काटने के साथ संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी तथा नियमानुसार रिकवरी भी की जाएगी। विभाग ने शहरवासियों से अपील की है कि वे जल का सदुपयोग करें और पेयजल का दुरुपयोग न होने दें। यदि कहीं अवैध जल कनेक्शन या पानी के गलत इस्तेमाल की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें, अभियान के दौरान जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली व अन्य मौजूद रहे।


फतेहाबाद। अवैध पेयजल कनेक्शन पर नोटिस चस्पा करती विभाग की टीम।

■ खाली प्लॉटों, निर्माण कार्य और सिंचाई में हो रहे पेयजल के दुरुपयोग पर कार्रवाई, विभाग ने दी सख्त चेतावनी

## डीटीपी विभाग ने हटाया अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा वीरवार को बरनाला रोड स्थित इरा पार्ट-1 में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कॉलोनी की 12 मीटर, 18 मीटर तथा 24 मीटर चौड़ी सडक़ों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान सडक़ों पर बनाए गए अवैध रैंप, थड़े, शेड, जाली तथा अन्य अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त कर रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझड़िया ने बताया कि सार्वजनिक सडक़ों पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण नियमों के विरुद्ध है। ऐसे अतिक्रमण यातायात व्यवस्था एवं आमजन की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


सिरसा। सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटवाते डीटीपी विभाग के कर्मचारी।

■ बरनाला रोड स्थित इरा पार्ट-1 पर विभाग ने चलाया अभियान

### राजकीय व निजी आईटीआई में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ी

**फतेहाबाद।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य के सभी राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के दाखिला हेतु आनॅलाइन पोर्टल पर आवेदन पत्र करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई हैं। साथ ही पंजीकृत अभ्यर्थियों को विभागीय वेबसाइट पर 15 जुलाई, 2026 तक ट्रैड व संस्थान का चयन कर सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), भोडिया खेड़ा के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन दाखिला पंजीकरण हेतू व ट्रैड/संस्थान का चयन करने हेतु राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में हेल्प डेस्क बनाया गया है। आवेदक दाखिले हेतू निशुल्क अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। दाखिला लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं पंजीकरण हेतू शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण व स्थाई निवासी प्रमाण-पत्र, फैमिली आईडी, मोबाइल नंबर, मेल आईडी जरूरी है।

### 21 जुलाई को संसद का घेराव करेगी अखिल भारतीय महिला कांग्रेसः कृष्णा फौगाट

**सिरसा।** संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के बैनर तले आगामी 21 जुलाई को दिल्ली के जंतर मंतर पर पूरे देशभर से महिलाएं एकत्रित होंगी। कांग्रेस नेत्री कृष्णा फौगाट कहा कि महिलाओं को संसद में 33 फीसदी आरक्षण दिलाने के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के संघर्ष का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में अब आगामी 21 जुलाई को दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर देशभर से लाखों की संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर अपने अधिकार के लिए आवाज बुलंद करेंगी। उन्होंने कहा कि देश व समाज के विकास में देश की महिलाओं का खासा योगदान है जिसे किसी भी रूप में भुलाया नहीं जा सकता मगर भाजपा देश की महिलाओं को उसकी राजनीतिक क्षेत्र में भागेदारी देने से पीछे हट रही है जो निंदनीय है। कृष्णा फौगाट ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से महिलाओं के इस अधिकार के लिए पूरे देश में जहां सडक़ों पर संघर्ष कर रही है।

### गांव हुकमांवली में गुरमत कैंप का समापन

**रतिया।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरूद्वारा बंदी छोड़ साहिब गांव हुकमांवली में 7 दिवसीय गुरमत एवं गुरमुखी सिखलाई कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रचारक कुलदीप सिंह ने बच्चों को सिख इतिहास एवं दस्तार सिखलाई दी गई। इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य इकबाल सिंह खोखर, काका सिंह लधुवास, गुरमेल सिंह सहनाल, मनजीत सिंह, हरदीप सिंह सहित हैप्पी सिंह सेठी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मौके कैंप में शामिल हुए बच्चों ने संगत को गुरुवाणी एवं सिख इतिहास से जोडक़र निहाल किया। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य काका सिंह लधुवास, इकबाल सिंह खोखर सहित हैप्पी सिंह सेठी ने बच्चों को प्रेरित किया।


रतिया। गांव हुकमांवली में गुरमत एवं दस्तार सिखलाई कैंप का समापन।

## बच्चों को डायरिया, उल्टी-दस्त होने पर तुरंत दें ओआरएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

मौसम में हो रहे बदलाव और दूषित खानपान के कारण इन दिनों उल्टी, दस्त और डायरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी के मद्देनजर राष्ट्रीय रोग संचारी कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सुमित जैन और स्टाफ नर्स ने लोगों को जागरूक करते हुए विशेष हिदायतें जारी की हैं। एसएमओ सुमित जैन ने बताया कि दूषित पानी और बासी भोजन इस बीमारी के मुख्य कारण हैं। बच्चों और बुजुर्गों में यह संक्रमण बहुत जल्दी फैलता है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखते ही तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान स्टाफ नर्स अमनदीप कौर ने ग्रामीण महिलाओं और मरीजों को जागरूक करते हुए डायरिया से बचने के घरेलू व व्यावहारिक उपाय सांझा किए। उन्होंने बताया कि एक लीटर उबले हुए ठंडे पानी में पूरा पैकेट ओआरएस मिलाकर इस घोल का इस्तेमाल केवल 24 घंटे के भीतर ही करना चाहिए। छोटे बच्चों को दस्त बंद होने के बाद डॉक्टर से हमेशा परामर्श करें।


सिरसा। डायरिया के बारे में जानकारी देते हुए स्टाफ नर्स अमनदीप।

### तीरंदाजी में शिवम ने जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** सिकंदरपुर स्थित 9 टू 1 स्कॉलर हेवन स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शिवम ने ओपन नैशनल अंडर-15 तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रधानाचार्या डॉ. अंजू शर्मा, शिक्षकों और सहपाठियों ने शिवम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिवम की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। शिवम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और शिक्षकों को दिया। उसकी यह उपलब्धि न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे स्कूल और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी छात्र इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।



## बालश्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर रोक के लिए कड़ी कार्रवाई करें अधिकारीः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ स्कूलों में सुझाव पेटी में आई शिकायतों का भी रखना होगा रिकार्ड, समयबद्ध कार्रवाई करें

उपायुक्त शांतनु शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड से जुड़ी विभिन्न योजनाओं व कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल संरक्षण, किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने श्रम विभाग से बाल श्रमिकों के रेस्क्यू अभियान की विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि गत वर्ष 87 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया था, जबकि इस वर्ष में अब तक 27 बच्चों को रेस्क्यू किया जा चुका है। उपायुक्त ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### नाथूसरी कलां में नशे के खिलाफ पंचायत का बड़ा फैसला

# तस्करों की जमानत नहीं करवाएंगे ग्रामीण, रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

क्षेत्र के गांव नाथूसरी कलां में बढ़ते नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों ने एकजुट होकर सख्त निर्णय लिए। गांव में आयोजित पंचायत में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि किसी भी नशा तस्कर की जमानत गांव का कोई व्यक्ति नहीं करवाएगा। यदि कोई ग्रामीण नशा तस्कर की जमानत करवाता है तो उसके खिलाफ भी सामाजिक स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत में मौजूद ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि गांव में नशा बेचने या नशे के कारोबार में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने के साथ-साथ सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। पंचायत में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त पाया गया तो उसके परिवार को भी गांव से बाहर करने तक का कदम उठाया जा सकता है।

नशे के खिलाफ अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्रामीणों की एक निगरानी समिति का भी गठन किया गया है। यह समिति गांव में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगी और नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस और पंचायत को देगी।


सिरसा। बैठक करते कमेटीम के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

*गांव की सरपंच रीटा कासनियां ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद कर देता है। युवाओं को नशे की लत से बचाने और गांव को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अहम निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जगतपाल कासनियां, नरेंद्र कासनियां, सुरेंद्र कासनियां, बलराम कासनियां, खिराज, राममूर्ति आर्य, सहाबदीन, भाग सिंह, नरेंद्र कासनियां, भरत सिंह, आमीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।*

### नश समाज के लिए बड़ा खतरा : कासनियां

सरपंच प्रतिनिधि जगतपाल कासनियां ने कहा कि नशा हमारे समाज और युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। पंचायत ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि गांव में नशा बेचने वालों को किसी भी सूरत में संरक्षण नहीं दिया जाएगा और उनकी जमानत भी कोई ग्रामीण नहीं करवाएगा। हमारा उद्देश्य गांव को पूरी तरह नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए पंचायत और ग्रामीण मिलकर हर संभव कदम उठाएंगे।